**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

# Expert Lecture on Emerging Trends in Advertising organized at J C Bose University



FARIDABAD (TIT NEWS): TThe Department of Communication and Media Technology of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, Haryana, today conducted an Expert Lecture on "Emerging Trends in Advertising". The Lecture was conducted at the Preview Cum Conference room for UG and PG students of the department. The resource person for the lecture was Ms. Alka Rawat, Assistant Professor, National Institute of Fashion Technology (NIFT) Kangra, Himachal Pradesh. The lecture commenced with the welcome address by Dr. Pawan Singh, Chairperson (In-charge) of the department. Ms. Alka Rawat elucidated to the students that Advertising is one of the most important of the four pillars of marketing (along with product, place, and price); promotion covers the variety of techniques that an advertiser uses to communicate with the current and potential customer. During the session,

Ms. Alka Rawat elucidated to the students that Advertising is one of the most important of the four pillars of marketing (along with product, place.

she focused on the job area for the Advertising and Public relations industry. She also discussed five general categories of promotion, i.e., Advertising, Personal selling, Sales promotion, Public relations and publicity, and Direct selling. Students got extensive practical and industrial exposure about the advertising industry. The Lecture was conducted under Prof. Atul Mishra, Dean, FLAMS, and Dr. Pawan Singh, Chairperson (In-charge) of the department. The chairperson congratulated and appreciated the effort done by the faculty member. The Lecture was coordinated by Dr. Bharat Dhiman, Assistant Professor of the department.

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# AAJ SAMAJ

# विज्ञापन में उभरते रुझानों पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान किया आयोजित

**आज समाज नेटवर्क**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा विज्ञापन में उभरते रुझानों पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया। व्याख्यान सत्र का आयोजन यूजी और पीजी छात्रों के लिए किया गया था। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में सहायक प्रोफेसर अलका रावत व्याख्यान के लिए विशेषज्ञ वक्ता रहीं।



विशेषज्ञ वक्ता अलका रावत को पुस्तक भेंट करते हुए।

विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने विशेषज्ञ वक्ता का स्वागत किया। अलका रावत ने छात्रों समझाया कि किस तरह से विपणन के चार स्तंभों विज्ञापन, उत्पाद, स्थान और मूल्य में विज्ञापन सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रचार की विभिन्न तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी, जिनका उपयोग एक विज्ञापनदाता वर्तमान और संभावित ग्राहक के साथ संवाद करने के लिए करता है। सत्र के दौरान, उन्होंने विज्ञापन और जनसंपर्क उद्योग के लिए कार्य क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने प्रचार की पांच सामान्य श्रेणियों-विज्ञापन, व्यक्तिगत बिक्री, बिक्री संवर्धन, जनसंपर्क और प्रचार, और प्रत्यक्ष बिक्री पर भी चर्चा की। छात्रों को विज्ञापन उद्योग के बारे में व्यापक व्यावहारिक और औद्योगिक अनुभव प्राप्त हुआ। व्याख्यान का आयोजन डीन (फ्लैम्स) प्रो. अतुल मिश्रा तथा विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक की देखरेख में किया गया। विभागाध्यक्ष ने व्याख्यान आयोजन के लिए संकाय सदस्यों के प्रयास की सराहना की। व्याख्यान का संचालन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. भारत धीमान द्वारा किया गया।

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# PUNJAB KESARI

# नेहरू युवा केन्द्र ने किया जिला उत्सव का आयोजन

## ■ प्रतियोगिता में रुद्रा, यशिका, इकमीत एवं रविन्द्र विजेता रहे

फरीदाबाद, 14 अक्तूबर (ब्यूरो): नेहरू युवा केन्द्र फरीदाबाद द्वारा आज शुक्रवार जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी में जिला उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव के तहत चित्रकला, कविता लेखन, मोबाइल फोटोग्राफी, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक लोक नृत्य, युवा सम्वाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी प्रियंका एवं लेखा एवं कार्यक्रम करिश्मा एवं कर्मचारी केशव देव की देख रेख में किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव नागरिकों में कर्तव्य की भावना थीम पर किया गया।



*जिला उत्सव में विजेता विद्यार्थियों के साथ अतिथिगण। (छाया: एस शर्मा)*

कार्यक्रम का शुभारंभ जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति महोदय सुशील कुमार तोमर के द्वारा किया गया। कुलपति जी ने कहा कि राष्ट्रीय निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। युवा देश के लिए सामाजिक सुधार लाने के भी जिम्मेदार हैं। देश के युवा ही देश का भविष्य निर्माण करते हैं। आज की युवा पी?ी को सामाजिक कार्य के लिये आगे आना चाहिये। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

कार्यक्रम में 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में युवा नेताओं आशा, कविता, हरमीत, पूजा कौशिक, हिमांशु, जसवंत एवं नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हर्ष कौशिक, डॉली सिंह, सुमन, नविता, शिवम, विजयपाल, देवानंद, एवं सोनू का तथा वाई. एम. सी. ए के एन. एस. एस वालंटियर्स का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा। समापन समारोह में रजिस्ट्रार डॉ सुनील कुमार गर्ग ने युवाओं को सम्बोधित किया और पुरुस्कार वितरण किया।

## इन्होंने बाजी मारी

- युवा सम्वाद प्रतियोगिता में रुद्रा, यशिका, इकमीत एवं रविन्द्र विजेता रहे।
- काव्य लेखन में प्रथन स्थान पर खुशबू, द्वितीय स्थान पर विशाखा श्रीवास्तव एवं तृतीय स्थान पर दक्षिता भाटिया का रहा।
- चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बिमलेश, द्वितीय स्थान पर बरखा एवं तृतीय स्थान पीयूष ने पाया।
- मोबाइल फोटोग्राफी में प्रथम स्थान कोमल, द्वितीय स्थान प्रियांशु एवं तृतीय स्थान संयम ने हासिल किया।
- भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नैंसी, द्वितीय स्थान लर मोनिका राठौर तथा तृतीय हिमिक रहीं।
- सांस्कृतिक समूह प्रतियोगिता में एन.एस.एस जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी की टीम प्रथम रही, द्वितीय स्थान पर उजाला टीम रही एवं तृतीय स्थान पर नेहरू कॉलेज की टीम रही।

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# PIONEER

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में जिला उत्सव का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**नेहरू** युवा केन्द्र फरीदाबाद द्वारा शुक्रवार को जेसी बोस यूनिवर्सिटी में जिला उत्सव का आयोजन किया गया।

उत्सव के तहत चित्रकला, कविता लेखन, मोबाइल फोटोग्राफी, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक लोक नृत्य, युवा सम्वाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी प्रियंका एवं लेखा एवं कार्यक्रम करिश्मा एवं कर्मचारी केशव देव की देखरेख में किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव नागरिकों में कर्तव्य की भावना थीम पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति सुशील कुमार तोमर के द्वारा किया गया। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। युवा देश के लिए सामाजिक सुधार लाने के भी जिम्मेदार हैं। देश के युवा ही देश का भविष्य निर्माण करते हैं। आज की युवा पीढ़ी को सामाजिक कार्य के लिये आगे आना चाहिये। समापन समारोह में रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने युवाओं को सम्बोधित किया और पुरस्कार वितरण किया। युवा सम्वाद प्रतियोगिता में रुद्रा, यशिका, इकमीत एवं रविन्द्र विजेता रहे। काव्य लेखन में प्रथन स्थान पर खुशबू, द्वितीय स्थान पर विशाखा श्रीवास्तव एवं तृतीय स्थान पर दक्षिता भाटिया का रहा।

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# HINDUSTAN

## छात्रों को विज्ञापनों का असर समझाया

फरीदाबाद, संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग की ओर से शुक्रवार को विज्ञापन में उभरते रुझानों पर स्नातक, स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए व्याख्यान आयोजन किया। इस दौरान प्रचार-प्रसार के तरीके बताए गए।

इसमें राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में सहायक प्रोफेसर अलका रावत बतौर विशेषज्ञ वक्ता पहुंची। विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान अलका रावत ने छात्रों को बताया कि किस तरह विपणन के चार स्तंभों विज्ञापन, उत्पाद, स्थान और मूल्य में विज्ञापन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। विज्ञापन का उपयोग एक विज्ञापनदाता वर्तमान और संभावित ग्राहक के साथ संवाद करने के लिए करता है।



फरीदाबाद की वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को आयोजित व्याख्यान में पहुंची सहायक प्रोफेसर अलका रावत को पुस्तक भेंट करते संस्थान के सदस्य। • हिन्दुस्तान

प्रचार की पांच श्रेणियों विज्ञापन, व्यक्तिगत बिक्री, बिक्री संवर्धन, जनसंपर्क और प्रचार और प्रत्यक्ष बिक्री के बारे में बताया गया। आयोजन डीन (फ्लैम्स) प्रो. अतुल मिश्रा, विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक और संचालन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. भारत धीमान ने किया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# HADOTI ADHIKAR

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका : तोमर

### नेहरू युवा केन्द्र ने जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी में किया जिला उत्सव का आयोजन




**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 14 अक्टूबर। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा शुक्रवार को जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी में जिला उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव के तहत चित्रकला, कविता लेखन, मोबाइल फोटोग्राफी, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक लोक नृत्य, युवा संवाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी प्रियंका एवं लेखा एवं कार्यक्रम करिश्मा एवं कर्मचारी केशव देव की देखरेख में किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव नागरिकों में कर्तव्य की भावना थीम पर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति सुशील कुमार तोमर के द्वारा किया गया। कुलपति ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। युवा देश के लिए सामाजिक सुधार लाने के भी जिम्मेदार हैं। देश के युवा ही देश का भविष्य निर्माण करते हैं। आज की युवा पीढ़ी को सामाजिक कार्य के लिये आगे आना चाहिये।

समापन समारोह में रजिस्ट्रार डॉ सुनील कुमार गर्ग ने युवाओं को संबोधित किया और पुरस्कार वितरण किया। युवा संवाद प्रतियोगिता में रुद्रा, यशिका, इकमीत एवं रविन्द्र विजेता रहे। काव्य लेखन में प्रथम स्थान पर खुशबू, द्वितीय स्थान पर विशाखा श्रीवास्तव एवं तृतीय स्थान पर दक्षिता भाटिया का रहा। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बिमलेश, द्वितीय स्थान पर बरखा एवं तृतीय स्थान पीयूष ने पाया। मोबाइल फोटोग्राफी में प्रथम स्थान कोमल, द्वितीय स्थान प्रियांशु एवं तृतीय स्थान संयम ने हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नैंसी, द्वितीय स्थान लर मोनिका राठौर तथा तृतीय हिमिक रहीं।

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

## HADOTI ADHIKAR

# विज्ञापन में उभरते रुझान पर विशेषज्ञ व्याख्यान

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 14 अक्टूबर। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा विज्ञापन में उभरते रुझानों पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया। व्याख्यान सत्र का आयोजन यूजी और पीजी छात्रों के लिए किया गया था। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में सहायक प्रोफेसर अलका रावत व्याख्यान के लिए विशेषज्ञ वक्ता रहीं। विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने विशेषज्ञ वक्ता का स्वागत किया।

अलका रावत ने छात्रों समझाया कि किस तरह से विपणन के चार स्तंभों विज्ञापन, उत्पाद, स्थान और मूल्य में विज्ञापन सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रचार की विभिन्न तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी, जिनका उपयोग एक विज्ञापनदाता वर्तमान और संभावित ग्राहक के साथ संवाद करने के लिए करता है। सत्र के दौरान, उन्होंने विज्ञापन और जनसंपर्क उद्योग के लिए कार्य क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने प्रचार की पांच सामान्य श्रेणियों - विज्ञापन, व्यक्तिगत बिक्री, बिक्री संवर्धन, जनसंपर्क और प्रचार, और प्रत्यक्ष बिक्री पर भी चर्चा की। छात्रों को विज्ञापन उद्योग के बारे में व्यापक व्यावहारिक और औद्योगिक अनुभव प्राप्त हुआ। व्याख्यान का आयोजन डीन (फ्लैम्स) प्रो. अतुल मिश्रा तथा विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक की देखरेख में किया गया। विभागाध्यक्ष ने व्याख्यान आयोजन के लिए संकाय सदस्यों के प्रयास की सराहना की। व्याख्यान का संचालन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. भारत धीमान द्वारा किया गया।



व्याख्यान सत्र के दौरान विशेषज्ञ वक्ता अलका रावत।

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# AAJ SAMAJ

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक समाज की मांग: एसके तोमर



शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर चर्चा करते हुए। **आज समाज**

**पलवल।** एनजीएफ इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जेसी बोस यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर एस के तोमर मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विक्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के सीईओ अश्वनी प्रभाकर ने की। प्रोफेसर तोमर ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में शिक्षक की भूमिका पर वर्णन किया। विद्यार्थी अपने शिक्षक के व्यवहार से भी बहुत सीखते हैं शिक्षक को पहले एक आदर्श गुरु बनना होगा यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक समाज की मांग है। शिक्षक किसी भी बच्चे को पूरी जिंदगी के लिए तैयार करता है इस प्रकार शिक्षा विद्यार्थी के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर उन्होंने कॉलेज के विभिन्न विभागों का निरीक्षण भी किया।

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# HINDUSTAN

## बीटेक में दाखिले के आवेदन कल तक

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में बीटेक व बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों में सभी श्रेणियों की खाली सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 15 अक्तूबर तक बढ़ा दिया गया है।

पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संस्थान स्तर पर होने वाली काउंसलिंग का कार्यक्रम भी जारी किया है। बीटेक पाठ्यक्रमों के लिए पहली काउंसलिंग 18 व 19 अक्तूबर को और ओपन काउंसलिंग 21 व 22 अक्तूबर को आयोजित की जाएगी।

इसी तरह क (लीट) पाठ्यक्रमों के लिए पहली काउंसलिंग 19 अक्तूबर को और ओपन काउंसलिंग 22 अक्तूबर को होगी।

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# PIONEER

## विज्ञापन में उभरते रुझान पर आयोजित व्याख्यान

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा विज्ञापन में उभरते रुझानों पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया। व्याख्यान सत्र का आयोजन यूजी और पीजी छात्रों के लिए किया गया था। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में सहायक प्रोफेसर अलका रावत व्याख्यान के लिए विशेषज्ञ वक्ता रहीं। विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने विशेषज्ञ वक्ता का स्वागत किया। अलका रावत ने छात्रों समझाया कि किस तरह से विपणन के चार स्तंभों विज्ञापन, उत्पाद, स्थान और मूल्य में विज्ञापन सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रचार की विभिन्न तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी, जिनका उपयोग एक विज्ञापनदाता वर्तमान और संभावित ग्राहक के साथ संवाद करने के लिए करता है। सत्र के दौरान, उन्होंने विज्ञापन और जनसंपर्क उद्योग के लिए कार्य क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने प्रचार की पांच सामान्य श्रेणियों - विज्ञापन, व्यक्तिगत बिक्री, बिक्री संवर्धन, जनसंपर्क और प्रचार, और प्रत्यक्ष बिक्री पर भी चर्चा की। छात्रों को विज्ञापन उद्योग के बारे में व्यापक व्यावहारिक और औद्योगिक अनुभव प्राप्त हुआ। व्याख्यान का आयोजन डीन (फ्लैम्स) प्रो. अतुल मिश्रा तथा विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक की देखरेख में किया गया। विभागाध्यक्ष ने व्याख्यान आयोजन के लिए संकाय सदस्यों के प्रयास की सराहना की। व्याख्यान का संचालन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. भारत धीमान द्वारा किया गया।

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# PIONEER

## बीटेक दाखिले 15 अक्टूबर तक होंगे

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा बीटेक तथा बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों में सभी श्रेणियों की खाली सीटों पर दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 15 अक्टूबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे पहले बीटेक तथा बीटेक (लीट) के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि क्रमशः 12 अक्टूबर तथा 14 अक्टूबर थीं। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने बीटेक तथा बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संस्थान स्तर पर होने वाली काउंसलिंग का कार्यक्रम भी जारी किया है। बीटेक पाठ्यक्रमों के लिए पहली काउंसलिंग 18 व 19 अक्तूबर को तथा ओपन काउंसलिंग 21 व 22 अक्तूबर को आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार, बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों के लिए पहली काउंसलिंग 19 अक्तूबर को तथा ओपन काउंसलिंग 22 अक्तूबर को होगी। विभिन्न बीटेक पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों की स्थिति विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jcboseust.ac.in पर देखी जा सकती है।

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# NAVBHART TIMES

## बीटेकः ऑनलाइन आवेदन का मौका

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने बीटेक और बीटेक लीट में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय ने दाखिले के लिए संस्थान स्तर पर होने वाली काउंसलिंग का कार्यक्रम भी जारी किया है। बीटेक के लिए पहली काउंसलिंग 18 व 19 अक्टूबर को और ओपन 21 व 22 अक्टूबर को होगी। सीटों की स्थिति वेबसाइट www.jcboseust.ac.in पर देखें।

**NEWS CLIPPING:15.10.2022**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस विवि में बीटेक के दाखिले आज तक लें

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बीटेक तथा बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों में सभी श्रेणियों की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। इससे पहले बीटेक तथा बीटेक (लीट) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर तथा 14 अक्टूबर थी।

इसे एक दिन के लिए और बढ़ा दिया गया है। वहीं, विश्वविद्यालय ने बीटेक तथा बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संस्थान स्तर पर होने वाली काउंसलिंग का कार्यक्रम भी जारी किया है। बीटेक पाठ्यक्रमों के लिए पहली काउंसलिंग 18 व 19 अक्तूबर को और ओपन काउंसलिंग 21 व 22 अक्तूबर को होगी। बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों के लिए पहली काउंसलिंग 19 अक्तूबर को व ओपन काउंसलिंग 22 अक्तूबर को होगी। संवाद